बैठक | कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 23 जनवरी को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिले की सभी तहसीलों के एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलों में फॉर्मर रजिस्ट्री की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा इससे संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरुद्ध तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाए। नक्शा तरमीम की समीक्षा के दौरान उन्?होंने बैहर एसडीएम को निर्देशित किया कि शेष नक्शों को शीघ्र पोर्टल पर अपलोड कराया जाए, ताकि संबंधित रिपोर्टों में सुधार किया जा सके। बैठक में स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग एवं आरओआर (रिकॉर्ड ऑफ राईट्स) इंट्री की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री मीना ने जिन तहसीलों में राजस्व वसूली 30 प्रतिशत से कम पाई गई, वहां के एसडीएम को वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े ज्ञात एवं अज्ञात वाहनों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में दुर्घटना सहायता राशि पीड़ितों को उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत भूमि बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने तथा अतिक्रमण वाले स्थलों को खाली कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई गई मतदाता शपथ

23 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.एस. धुर्वे ने कलेक्टर परिसर में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई।

पेड़ के नीचे लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

बालाघाट। जिले के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी, जिले के दूरस्थ और आदिवासी अंचलो में स्वास्थ्य शिविरो के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे है। खास बात यह है कि शुक्रवार को जिले के ग्राम पंचायत धुनधुनवार्धा के सोनपुरी में लगाया गया यह शिविर 221 वां शिविर था। जिले में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरो में इतने शिविरों का आयोजन, एक इतिहास है।

दरअसल, शुक्रवार को माताजी सरलादेवी सेवलानी की पांचवीं पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर, सोनपुरी में लगाया गया था। पेड़ के नीचे आयोजित इस शिविर में 70 आदिवासी महिला, पुरूषों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही उन्हें, नि:शुल्क दवा प्रदान की गई। इसके साथ ही 60 से ज्यादा महिलाओं को गर्म स्वेटर, बच्चों को टोपे और ग्रामीणों का मुंह तिलगुड़ से मीठा कराया गया। शिविर में समाजसेवी बच्चुमल वाधवानी, डॉ. सहयोगी नैना, जयपाल वरकड़े, पूर्व सरपंच शिवलाल उइके, पंच तीरथलाल वलके सहित अन्य मौजूद रहे।

पुरातत्व संग्रहालय में माँ सरस्वती पूजन

▸ गंगोत्री वार्षिक गद्य और पद्य राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका अंक-24 की पांडुलिपि लोकार्पित

बालाघाट। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में बसंत पर्व पर वीणा वादिनी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया गया तदोपरान्त साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विविध विषयों पर विचार कर आगामी आयोजित समारोह 2 फरवरी 26 की रुपरेखा को रुपांकित किया गया। उक्त अवसर पर गंगोत्री वार्षिक गद्य और पद्य राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका अंक-24 का पूजन कर पांडुलिपि का लोकार्पित किया गया। इस वर्ष बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 से 22 फरवरी 2026 तक गंगोत्री वार्षिक अंक 24 का महा पर्व मनाया जायेगा। पूजन और बैठक में डॉ.सुभाष चंद्र गुप्ता, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे, सतीश भारद्वाज, दिनेश कुमार नेमा, महंतराव अगासे, विष्णुसिंह मर्सकोले, जितेश बोपचे, रविन्द्र कुमार बिसेन, विनय परिहार,मानसी चौरीवार, तनूजा रामावत, आराधना पेंढारकर, सहित शासकीय कमला नेहरु कन्या महाविद्यालय बालाघाट, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के छात्र/छात्राऐं

भाजयुमो ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

बालाघाट: शुक्रवार को जिलेभर में आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। जिला मुख्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर देशप्रेम का संदेश दिया गया। भाजयुमो ने शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। शहर के सुभाष चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजयुमो के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने बताया कि युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वह स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी और सबसे बड़े नेता थे। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा भी उनका ही था। उन्होंने भारत देश की सच्ची सेवा की थी। इस मौके पर भाजपा सह कार्यालय मंत्री व उत्तर मंडल प्रभारी चंद्रकांत पिपलेवार, भाजपा जिला सह आईटी प्रभारी मोनिल जैन, भाजपा उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत डहाके, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सेवईवार, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय पप्पू गौतम, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष योगराज टेम्भरे, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, भाजपा उत्तर नगर महामंत्री संजू वराड़े, भाजपा नगर महामंत्री संतोष सिंगारे, भाजपा नगर महामंत्री खिमेंद्र गौतम, भाजपा नगर उपाध्यक्ष रामसनेही सिंह, रंजीत गोयल, विजय धामड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

पीजी कॉलेज में बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई

बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन दोपहर 12 बजे वर्चुअल कक्ष में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया गया, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं कु. भावना बिसेन एवं कु. अनामिका द्वारा मधुर लोकगीत प्रस्तुत कर वातावरण को सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया गया।

मॉयल भरवेली में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

सीएमडी लेंगे परेड की सलामी, होंगे विविध कार्यक्रमों का आयोजन

बालाघाट। जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित मॉयल लिमिटेड की भरवेली खदान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। आयोजन को लेकर मॉयल प्रबंधन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे यह राष्ट्रीय पर्व सभी के लिए स्मरणीय बन सके।इस संबंध में अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समूह-एक (मध्यप्रदेश) उम्मेद सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मॉयल परिवार के लिए गर्व का विषय है कि वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कंपनी के मुखिया एवं प्रगतिशील सोच के धनी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री विश्वनाथ सुरेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वे दुर्गा चौक खेल मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मॉयल सुरक्षा बल एवं स्कूलों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी लेंगे तथा अपने प्रेरणादायक संदेश से उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दुर्गा चौक खेल मैदान को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रध्वज फहराने के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं विविध आयोजन भी संपन्न होंगे। सीएमडी की उपस्थिति से कामगारों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों में विशेष उत्साह देखा जाता है, जो उनके मनोबल को और अधिक सशक्त करता है।

खान प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर कंपनी में वर्षभर सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति दर्ज कराने वाले कामगारों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफल हो।

उन्होंने यह भी बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के पश्चात मॉयल कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, जिससे सौहार्दपूर्ण वातावरण बने और कर्मचारियों को मनोरंजन का अवसर मिले। यह भरवेली मॉयल के लिए सौभाग्य का विषय है कि कंपनी के मुखिया नागपुर से लंबा सफर तय कर राष्ट्रीय पर्व पर अपने कामगारों एवं अधिकारियों के बीच उपस्थित रहते हैं। उनके प्रेरणादायक विचार सभी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। मॉयल प्रबंधन ने अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों एवं अधिकारियों से गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल और यादगार बनाने की अपील की है।

बोधगया,लुंबिनी, काठमांडो सहित बुद्धिस्ट स्थलों यात्रा का आयोजन 25 मार्च से

दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बालाघाट की पहल



नवभारत, बालाघाट। सम्पूर्ण विश्व में तथागत भगवान बुद्ध के सिद्धांत प्रासंगिक है और मानव जीवन में तथागत के पंचशील के पालन से जीवन सुखमय एवं मंगलमय होता है।इसी परिपेक्ष में भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक धम्म संस्था की जिला शाखा बालाघाट मप्र द्वारा बौद्धों के पवित्र धम्म स्थलों की धम्म यात्रा का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 से किया गया हैं,जिसमें सारनाथ,बोधगया,विश्व की पहली लोकतांत्रिक नगरी वैशाली,एशिया का सबसे बड़ा केसरिया स्तूप,तथागत की महानिर्वाण स्थली कुशीनगर,बोधिसत्व सिद्धार्थ की जन्मस्थली लुंबिनी(नेपाल), काठमांड़ो,पोखरा(नेपाल),कपिल वस्तु,तथागत के सबसे अधिक वर्षवास,जेतवन,अंगुलिमाल गुफा आदि का स्थल श्रावस्ती,महापुरुषों की याद में निर्मित विशाल डॉ.आंबेडकर पार्क लखनऊ आदि स्थलों की लक्जरी यात्रा का आयोजन शुल्क सहित(21500/)किया गया हे,यात्रा में विश्राम हेतु स्पेशल होटल+गेस्ट हाउस,ब्रेक फास्ट,लंच,डिनर,यात्रा में इंडिया के सभी स्थलों की टिकट,मुंबई से संस्था के वरिष्ठ अनुभवी गाइड,बालाघाट से स्पेशल स्लिपर एवं सीटिंग सहित आरामदायक बस की व्यवस्था।यात्रा के स्थान सीमित है,शामिल होने लिए संपूर्ण जानकारी लेने हेतु संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी बालाघाट मोबाइल न. 9301708931,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट मोबाइल न.9425844039, आर.डी.बनसोड तहसील अध्यक्ष वारासिवनी मोबाइल न.8815289292,अभिराज मेश्राम तहसील महामंत्री वारासिवनी मोबाइल न.9755224164 से संपर्क कर जानकारी लेकर अपना पंजीयन कर सीट सुरक्षित करे।

प्लास्टिक के तिरंगे झंडे नहीं बिकेंगें

बालाघाट। आगामी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्लास्टिक के राष्ट्रीय झंडे नहीं बिकेंगें। जो कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक के झंडे बेचता हुआ पाया जायेगा उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने इस संबंध में अधिकारियों को दिये गये निर्देशों में कहा है कि 26 जनवरी को विक्रय किये जाने वाले राष्ट्रीय ध्वज सही आकार के होना चाहिए। झंडे की लंबाई व चौड़ाई में निर्धारित अनुपात होना चाहिए। जो कोई भी व्यक्ति इन निर्देशों का उल्लंघन कर गलत आकार व प्लास्टिक के झंडे बेचता हुआ पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

नपा मलांजखंड में एफटीके प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, बैहर। 21 जनवरी 2026 को नगर पालिका परिषद मलांजखंड द्वारा एफटीके प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैहर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड से कृष्णकांत मेश्राम को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिन्होंने प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्?यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, पार्षद श्री ईश्?वरदयाल मरकाम, उपयंत्री सुश्री हिमांशी बैस, श्री मूलचंद पटले, श्रीमती तनुजा सैयाम एवं समस्?त पंप चालक उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंप ऑपरेटरों के साथ-साथ नगर पालिका परिषद मलांजखंड के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान एफटीके से संबंधित आवश्यक तकनीकी जानकारियां दी गईं तथा जल गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को सरल एवं व्यवहारिक रूप से समझाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करना एवं संबंधित कर्मचारियों की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे उपयोगी बताते हुए जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

आयोजन | राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण,शहर के अनेकों मंदिरों में हुए आयोजन

गूंजे जयकारे, राम नाम के साथ झूमी संस्कारधानी

नवभारत,जबलपुर। अयोध्या में बने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 22 जनवरी 2025 को दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। विगत वर्ष पहले इस दिन अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने पर सभी जगह भव्य आयोजन किए गए थे। उसी प्रकार दो वर्ष पूर्ण होने पर भी शहर के मंदिरों में जय श्री राम के जयकारे गूंजे, साथ ही राम नाम के साथ पूरी संस्कारधानी झूम रही थी। 22 जनवरी को सुबह से लेकर देर रात तक जगह-जगह रामायण पाठ, सुंदरकांड मंदिरों में आरती और पूजन का सिलसिला शुरू हो गया था। पूरे शहर में सिर्फ राम नाम की धुन ही सुनाई दे रही थी, इसके अलावा विभिन्न आयोजनों से इस भव्य और ऐतिहासिक दिन को और भी अधिक उत्साह और उमंग के साथ लोगों द्वारा मनाया गया।

जगह- जगह भंडारे और प्रसाद वितरण

22 जनवरी की सुबह से ही भगवान राम जी के पूजन- अर्चन के बाद विभिन्न मंदिरों, संगठनों, समितियां, शहर की सड़कों, चौराहा गली-मोहल्लों सभी जगह पर भंडारे और प्रसाद वितरण क ा क्रम लगातार जारी रहा। जिसमें देर रात्रि तक प्रत्येक मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा के साथ-साथ राम भजन की धुन सुनाई दे रही थी और इसके अलावा लोगों के प्रति अच्छा खासा उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा था। वहीं दिन भर शहर की सड़कों पर जगह-जगह भंडारे और प्रसाद ग्रहण करने के लिए भी लोगों की भीड़ देखने को मिल रही थी।

एक शाम राजा रामचन्द्र के नाम का आयोजन

अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद आयुध जिला, जबलपुर द्वारा आयोजित 'एक शाम राजा रामचन्द्र के नाम - श्रीराम संगीत संध्या' कार्यक्रम आजाद चौक, गोरा बाजार में श्रद्धा, उल्लास एवं पारिवारिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज़ अख्तर के सुमधुर भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। समाज के सभी वर्गों—युवा, मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं परिवारों की भावपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु स्वामी सुखानंदाचार्य द्वाराचार्य राघव देवाचार्य, विधायक अशोक रोहाणी रहे। अध्यक्षता सुनील भागचंदानी (प्रांताध्यक्ष, विहिप महाकौशल प्रांत) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक दासवानी (वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति) उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग मंत्री महेन्द्र, राजेश, संजय कोरी, राजा ठाकुर सहित जिले के प्रखंड एवं खंड स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों, सेवा, सुरक्षा और सामाजिक एकता पर प्रकाश डाला।

बड़े महावीर में सुंदरकांड पाठ, महाआरती व भंडारा

22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर में श्री राम लला सरकार के प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर संस्कारधानी के मध्य में विराजमान मराठा कालीन श्री बड़े महावीर जी मंदिर में पं आशीष पुजारी के संयोजन में सुबह 11 बजे से दिनभर अनवरत भजनों की प्रस्तुति हुई। दोपहर 1 बजे महाआरती के पश्चात विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर में दिनभर श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा।

स्वयं सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजन

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला की पुनर्स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ पर श्री स्वयं सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, कुदवारी में विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। तत्पश्चात खजरी स्थित माँ नर्मदा गौशाला एवं पर्यावरण केंद्र में सामूहिक सुंदरकांड पाठ, गौ पूजन एवं वटवृक्ष रोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर, विभाग मंत्री एडवोकेट अमित उपाध्याय, राजकुमार शर्मा, कपिल रैकवार, मुकेश गौतम, आकाश रैकवार, अखिलेश विश्वकर्मा, विकास प्रत्यानी, कवि राठौर सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिलाओं ने निकाली भगवा वाहन रैली

टेलीग्राफ गेट नंबर 2, रानीताल चौक स्थित स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित श्री राम प्राण प्रतिष्ठा स्थापना दिवस महाउत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे महिला भगवा वाहन रैली निकाली गई और मंदिर में श्रीराम-जानकी की जीवंत झांकी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी। पंडित पवन दुबे ने बताया कि दोपहर 2 बजे से पूजन-अर्चन शुरू हुआ और महाआरती के बाद रात तक धार्मिक आयोजन और भक्तिमय-संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

इनका कहना है

प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। सिर्फ वर्षगांठ के अवसर पर ही नहीं प्रभु श्री राम का पूजन पाठ हर रोज इसी उत्साह से होना चाहिए।

पं. लक्ष्मीधर बडगैया

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रभु श्री राम का विधि विधान के साथ पूजन पाठ किया गया। चारों ओर भक्तिमय माहौल था।

सुशील त्रिपाठी